र: जब दिन हसीं दिल हो जवाँ क्यूँ ना मनायें पिकनिक
आ: सीने में आग होठों पे राग मिलजुल के गायें पिकनिक

र: ओ ... साईकल सवार बाँधे कटार लो हम चले
आ: ये ... जंगल के पार हिरनों की धार जैसे चले
को: हिप हिप हुर्रे!
दोनो: मौसम पे रंग दिल में उमंग फिर क्यों ना जायें पिकनिक

र: ओ ... पानी का शोर लहरों का जोर आ तोड़ दें
आ: ... तूफान में नाव मिलजुल के आओ सब छोड़ दें
को: हिप हिप हुर्रे!
दोनो: साहिल पे दूर जाके हुज़ूर ऐसी जमायें पिकनिक

र: ओ ... ये दिन अजीब हमतुम करीब हाय फिर कहाँ
आ: ओ ... मस्ती के खेल आपस का मेल हाय फिर कहाँ
को: हिप हिप हुर्रे!
ज़ुल्फ़ों के डाल उड़ते रुमाल रंगीं बनायें पिकनिक

film: Sanam Teri Kasam singer: R.D. Burman
lyrics: music: R.D. Burman

जाना, ओ मेरी जाना
अरे मैं हूँ तेरे ख्वाबों का राजा
अरे लैला, ओ मेरी लैला
अरे आजा मेरी बाहों में आजा

नाज़नीं गुलबदन आँखें हैं मैखाना
देख तो प्यार से ऐसा क्या तड़पाना
अरे, होहो होहो होहो होहो होहो होहो ...
जाना, ओ मेरी जाना

झूमके आ ज़रा पहलू में दिलजानी
बीत ही जाये ना तन्हा ये जवानी
आ आ आ आ आ आ ...
जाना, ओ मेरी जाना

कुकुरुकुकुरुकु ... उह हु उह हुह हुह हुह हुह
ए बाबा ...
कुकुरुकू

और भी गुस्से में खिले तू हसीना
सोच ले मेरे बिना तेरा क्या है जीना बाबा
ओहो ओहो ओहो ओहो ओहो ओहो ...
जाना, ओ मेरी जाना

जाना, ओ मेरी जाना,
अरे मैं हूँ तेरे ख्वाबों का राजा
अरे लैला, ओ मेरी लैला,
अरे आजा मेरी बाहों में आजा

ज़ुल्फ़ शाने पे मुड़े
एक ख़ुशबू सी उड़े
खुल गये राज़ कई
बात कुछ बन ही गयी
जाने क्या तूने कही ...

ITRANS Song Book: 842.s

film: Gharana singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Ravi

हुस्न वाले तेरा जवाब नहीं
कोई तुझसा नहीं हज़ारों में

तू है ऐसी कली जो गुलशन मे
साथ अपने बहार लायी है
तू है ऐसी किरन जो रात ढले
चांदनी मे नहा के आयी है
ये तेरा नूर ये तेरे जलवे
जिस तरह चांद हो सितारों में
हुस्न वाले ...

तेरी आँखों मे ऐसी मस्ती है
जैसे छलके हुए हों पैमाने
तेरे होठों पे वो खामोशी है
जैसे बिखरे हुए हो अफ़साने
तेरी ज़ुल्फ़ों की ऐसी रंगत है
जैसे काली घटा बहारों में
हुस्न वाले ...

तेरी सूरत जो देखले शायिर
अपने शेरों मे ताज़गी भर ले
एक मुसव्विर जो तुझको पा जाए
अपने ख्वाबों मे ज़िन्दगी भर ले
नग़मागर ढूंढ ले अगर तुझको
दर्द भर ले वो दिल के तारों मे
हुस्न वाले तेरा जवाब नहीं

ITRANS Song Book: 843.s

film: Mashaal singer: Kishore, Lata
lyrics: music: Hridyanath Mangeshkar

मुझे तुम याद करना और मुझको याद आना तुम
मै इक दिन लौट आऊंगा ये मत भूल जाना तुम

अकेली होगी तुम देखो कहीं ऐसा ना हो जाए
जो अब होठों पे है मुसकान वो मुसकान खो जाए
ज़रा लोगों से मिलना तुम ज़रा हंसना हंसाना तुम
मै इक दिन लौट ...

अगर लड़की तुम्हें कोई मिले जो खूबसूरत हो
तुम्हारी दोस्ती की शायद उसको भी ज़रूरत हो
अगर वो पास आये मुस्कुराये मुस्कुराना तुम
मगर तुम लौट के आओगे ये मत भूल जाना तुम

ITRANS Song Book: 844.s

film: Sharaarat singer: Kishore
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

हम मतवाले नौजवान, मंज़िलों के उजाले
लोग करें बदनामी, कैसे ये दुनिया वाले
करें भलाई हम, बुरे बनें हर दम
इस जहाँ की, रीत निराली
प्यार को समझे, हाय रे हाय सितम
हम मतवाले नौजवान ...

हम धूल में लिपटे सितारे, हम ज़रें नहीं हैं अंगारे
नादाँ है जहाँ, समझेगा कहाँ, हम नौजवाँ के इशारे
जब जब झूम के निकले हम, जान के पड़ जायें लाले
लोग करें बदनामी, कैसे ये दुनिया वाले
हम मतवाले नौजवाँ ...

हम रोते दिलों को हँसा दें, दुख दर्द की आग बुझा दें
बेचैन नज़र, बेताब जिगर, हम सबको को गले से लगा लें
हम मन मौज़ी शहज़ादे, दुखियों के रखवाले
लोग करें बदनामी, कैसे ये दुनिया वाले
करें भलाई हम, बुरे बने हर दम
इस जहां की, रीत निराली,
प्यार को समझे, हाय रे हाय सितम

हम मतवाले नौजवाँ, मंज़िलों के उजाले
लोग करें बदनामी, कैसे ये दुनिया वाले

भोर भी आस की किरन ना लायी
पूछो ना कैसे ...

इक जले दीपक इक मन मेरा, मेरा, मन, मेरा, मेरा ...
इक जले दीपक इक मन मेरा
फिर भी ना जाये मेरे घर का अंधेरा
तड़पत तरसत उमर गंवायी
पूछो ना कैसे ...

film: Namak Haram singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

मैं शायर बदनाम, हो मैं चला, मैं चला
महफ़िल से नाकाम, हो मैं चला, मैं चला
मैं शायर बदनाम

मेरे खाली घर में, कुछ सामान मिलेगा
दीवाने शायर का, एक दीवान मिलेगा
और मिलेगा घर पे, टूटा खाली जाम
हो मैं चला, मैं चला
मैं शायर बदनाम

शोलों में जलना था, काटों पे सोना था
और अभी जी भरके, किस्मत पे रोना था
जाने ऐसे कितने, बाकी छोड़के काम
हो मैं चला, मैं चला
मैं शायर बदनाम

रस्ता रोक रही है, थोड़ी जान है बाकी
जाने टूटे दिल में, क्या अरमान है बाकी
जाने भी दे ऐ दिल, सबको मेरा सलाम
हो मैं चला, मैं चला
मैं शायर बदनाम

film: Upkaar singer: Manna Dey
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

कसमे वादे प्यार वफ़ा सब, बातें हैं बातों का क्या
कोई किसी का नहीं ये झूठे, नाते हैं नातों का क्या

होगा मसीहा ...
होगा मसीहा सामने तेरे
फिर भी न तू बच पायेगा
तेरा अपनाऽऽऽ आऽऽऽ
तेर अपना खून ही आखिर
तुझको आग लगायेगा
आसमान में ...
आसमान मे उड़ने वाले मिट्टी में मिल जायेगा
कसमे वादे प्यार वफ़ा सब, बातें हैं बातों का क्या

सुख में तेरे ...
सुख में तेरे साथ चलेंगे
दुख में सब मुख मोड़ेंगे
दुनिया वाले ...
दुनिया वाले तेरे बनकर
तेरा ही दिल तोड़ेंगे
देते हैं ...
देते हैं भगवान को धोखा, इनसां को क्या छोड़ेंगे
कसमे वादे प्यार वफ़ा सब, बातें हैं बातों का क्या

film: Pyaasa singer: Geeta Dutt
lyrics: Sahir music: S.D. Burman

जाने क्या तूने कही
जाने क्या मैने सुनी
बात कुछ बन ही गयी
जाने क्या तूने कही ...

सनसनाहट सी हुई
थरथराहट सी हुई
जाग उठे ख्वाब कई
बात कुछ बन ही गयी
जाने क्या तूने कही ...

नैन झुक झुक के उठे
पाँव रुक रुक के उठे
आ गयी जान नई
बात कुछ बन ही गयी
जाने क्या तूने कही ...

उसने जो कहा, तुमने ही सुना
ये बात और किसी को ना बताना
हवा हवा ऐ ...
हवा हवा ऐ ...

film: Sharmilee singer: Kishore
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

कैसे कहें हम, प्यार ने हमको, क्या क्या खेल दिखाये
यूं शरमाई, किस्मत हमसे, खुद से हम शरमाए

बागों को तो पतझड़ लूटे, लूटा हमें बहार ने
दुनिया मरती मौत से लेकिन, मारा हमको प्यार ने
अपना वो हाल हैं बीच सफ़र में जैसे कोई लुट जाये
कैसे कहें हम प्यार ने हमको क्या क्या खेल दिखाये

तुम क्या जानो, **(laughs)**
तुम क्या जानो, क्या चाहा था क्या लेकर आये हम
टूटे सपने घायल नगमे कुछ शोले कुछ शबनम
इतना सब है पाया हमने कहो तो कहा ना जाये
कैसे कहें हम प्यार ने हमको क्या क्या खेल दिखाये

ऐसे बाजी शहनाई घर में, अब तक सो ना सके हम
अपनों ने हमको इतना सताया, रोये तो रो ना सके हम
अब तो करो कुछ ऐसा यारों होश ना हमको आये
कैसे कहें हम प्यार ने हमको क्या क्या खेल दिखाये
यूं शरमाई किस्मत हमसे खुद से हम

film: Kinara singer: Kishore
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

(जाने क्या सोचकर नहीं गुज़रा
इक पल रात भर नहीं गुज़रा) - २

अपनी तनहाई का औरों से ना शिकवा करना - २
तुम अकेले ही नहीं हो सभी अकेले हैं
ये अकेला सफ़र नहीं गुज़रा
जाने क्या सोचकर नहीं गुज़रा
इक पल रात भर नहीं गुज़रा

दो घड़ी जीने की मोहलत तो मिली है सबको - २
तुम भी मिल जाओ घड़ी भर तो ये ग़म होता है
इस घड़ी का सफ़र नहीं गुज़रा
जाने क्या सोचकर नहीं गुज़रा
इक पल रात भर नहीं गुज़रा

film: Leader singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

(मुझे दुनिया वालों, शराबी न समझो
मैं पीता नहीं हूँ, पिलायी गयी है) - २
जहां बेखुदी में कदम लड़खड़ाये
वही राह मुझको दिखायी गयी है
मुझे दुनिया वालों शराबी न समझो
मैं पीता नहीं हूं पिलायी गयी है

नशे मे हूँ लेकिन मुझे ये खबर है
के इस ज़िन्दगी में सभी पी रहें है
किसी को मिले हैं छलकते पियाले
किसीको नज़र से पिलायी गयी है
मुझे दुनिया वालों ...

ज़माने के यारों, चलन हैं निराले
यहां तन हैं उजले, मगर दिल हैं काले
ये दुनिया है दुनिया यहन मार डर के
दिलों की खराबी छुपायी गयी है
मुझे दुनिया वालों ...

film: Meri Surat Teri Aankhen singer: Manna Dey
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

पूछो ना कैसे मैने रैन बिताई
इक पल जैसे, इक युग बीता - २
युग बीते मोहे नींद ना आयी
पूछो ना कैसे ...

(ना कहीं चँदा, ना कहीं तारे
ज्योत के प्यासे मेरे, नैन बिचारे) - २

(पैरों में ना साया कोई सर पे ना साये रे
मेरे साथ जाये ना मेरी परछांई रे) - २
बाहर उजाला हैं
बाहर उजाला हैं, अन्दर वीराना
ओ यारा सीली सीली, डोला सीली सीली
यारा सीली सीली बिरहा के रात का जलना
यारा सीली सीली, डोला सीली सीली

यारा . . . , डोला . . . , यारा . . . , डोला . . .
यारा . . . , डोला . . .

film: Shriman Funtoosh singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

ये दर्द भरा अफ़साना, सुन ले अन्जान ज़माना ज़माना
मैं हूँ एक पागल प्रेमी, मेरा दर्द न कोई जाना - २

कोई भी वादा, याद न आया
कोई क़सम भी, याद न आई
मेरी दुहाई, सुन ले खुदाई
मेरे सनम ने, की बेवफ़ाई
दिल टूट गया, दीवाना
सुन ले अन्जान, ज़माना ज़माना
मैं हूँ एक पागल प्रेमी . . .

यादें पुरानी, आने लगीं क्या
आँखें झुका लीं, क्या दिल में आई
देखो नज़ारा, दिलवर हमारा
कैसी हमारी, महफ़िल मे आई
है साथ कोई, बेगाना
सुन ले अन्जान, ज़माना ज़माना
मैं हूँ एक पागल प्रेमी . . .

film: Swami singer: Lata
lyrics: Majrooh music: Rajesh Roshan

पल भर में ये क्या हो गया
वो मैं गयी वो मन गया
चुनरी कहें सुन री पवन
सावन लाया अब के सजन
दिन भर मुझे यूँ सताये
तुम बिन अब तो रहा नहीं जाए
पल भर . . .

आशा की छोटी सी नय्या
लेके चली पुरवय्या
डोले डोले झुमका बोले
चुपके से ये भेद खोले
आजायेगा आजायेगा प्यार से तुम बुलाना
पल भर . . .

आई बहारें सिमटके
कहने लगी वो लिपटके
चोरी चोरी चलो गोरी
थामे हुए बंय्या मोरी
मिल जायेगा मिल जायेगा तुमको वही दीवाना
पल भर . . .

film: singer: Hasan Jahangir lyrics: music:

(हवा हवा ऐ हवा खुशबू लुटा दे
कहां खुली हां खुली ज़ुल्फ़ बता दे
अब उसका पता दे, ज़रा मुझको बता दे
मैं उस से मिलूंगा, एक बार मिला दे
यार मिला दे, दिलदार मिला दे - २) - २

(फिर किसी के चेहरे का रंग खिल गया
बिछड़ा हुआ आज कोई उसको मिल गया) - २
कैसे मिल गया, कहां मिल गया
हम ने तो ढूँढ लिया सारा ज़माना
हवा हवा ऐ . . .

(ये अदा भी उसकी क्या काम कर गयी
जाते जाते एक हसीन शाम कर गयी) - २
शाम कर गयी, तेरे नाम कर गयी
ऐसे हसीन चेहरे को अपना बनाना
हवा हवा ऐ . . .

(ज़िन्दगी की धूप को साया कर गयी
आज मेरे पास से वो गुज़र गयी) - २

१) ज़ुल्फ़ों का ये अँधेरा मुखड़े का ये सवेरा
तेरे ही वास्ते है बाहों का नर्म घेरा
मेरा अरमान तू है दिल का तूफ़ान तू है, मेरे सनम, भीगी ...

२) दिल के करीब आ जा मेरे नसीब आ जा
आ मेरी जान है तू साँसों में तू समा जा
होंठों पे नाम तेरा उल्फ़त है काम मेरा तेरी कसम भीगी ...

film: Jai ChaittauR singer: Lata
lyrics: Bharat Vyas music: S.N. Tripathi

ओ पवन वेग से उड़ने वाले घोड़े
तुझ पे सवार है जो, मेरा सुहाग है वो
रखियो रे आज उनकी लाज हो, ओ पवन ...

१) तेरे कंधों पर आज भार है मेवाड़ का
करना पड़ेगा तुझको सामना पहाड़ का
हल्दी घाटी नहीं है काम कोई खिलवाड़ का
देना जवाब वहां शेरों की दहाड़ का
घड़ियां तूफ़ान की हैं
तेरे इम्तहान की हैं
रखियो रे आज उनकी लाज हो, ओ पवन ...

२) छक्के छुड़ाना देना तू दुश्मनों की चाल के
उनकी छाती पे चढ़ना पाँव तू उछाल के
लाना सुहाग मेरा वापस तू सम्भाल के
तेरे इतिहास में अक्षर होंगे गुलाल के
चेतक महान है तू
बिजली की बान है तू
रखियो रे आज उनकी लाज हो, ओ पवन ...

film: Nayaa Daur singer: Mohammad Rafi, Asha Bhosle, chorus
lyrics: Sahir Ludhianvi music: O.P. Nayyar

साथी हाथ बढ़ाना, साथी हाथ बढ़ाना
एक अकेला थक जाए तो, मिलकर बोझ उठाना
साथी हाथ बढ़ाना ...

१) हम मेहनतवालों ने जब भी मिलकर कदम बढ़ाया
सागर ने रस्ता छोड़ा परबत ने शीश झुकाया
फ़ौलादी हैं सीने अपने फ़ौलादी हैं बाहें
हम चाहें तो पैदा करदें, चट्टानों में राहें, साथी ...

२) मेहनत अपनी लेख की रखना मेहनत से क्या डरना
कल गैरों की खातिर की अब अपनी खातिर करना
अपना दुख भी एक है साथी अपना सुख भी एक
अपनी मंजिल सच की मंजिल अपना रस्ता नेक, साथी ...

३) एक से एक मिले तो कतरा बन जाता है दरिया
एक से एक मिले तो ज़र्रा बन जाता है सेहरा
एक से एक मिले तो राई बन सकती है परबत
एक से एक मिले तो इन्सान बस में कर ले किस्मत, साथी ...

४) माटी से हम लाल निकालें मोती लाएं जल से
जो कुछ इस दुनिया में बना है बना हमारे बल से
कब तक मेहनत के पैरों में ये दौलत की ज़ंजीरें
हाथ बढ़ाकर छीन लो अपने सपनों की तस्वीरें, साथी ...

film: Lekin singer: Lata
lyrics: Gulzar music: Hridaynath Mangeshkar

यारा सीली सीली बिरहा की रात का जलना
यारा सीली सीली, यारा सीली सीली
ओ यारा सीली सीली, डोला सीली सीली
यारा सीली सीली बिरहा की रात का जलना

ये भी कोई जीना हैं, ये भी कोई जीना हैं
ये भी कोई मरना
यारा सीली सीली बिरहा के रात का जलना
ओ यारा सीली सीली, डोला सीली सीली

(टूटे हुए चूड़ियों से जोड़ूं ये कलाई मैं
पिछले गली में जाने क्या छोड़ आई मैं) - २
बीते गलियों से
बीते गलियों से, फिर से गुज़रना
ओ यारा सीली सीली, डोला सीली सीली
यारा सीली सीली बिरहा के रात का जलना
यारा सीली सीली, डोला सीली सीली

शायद ये रात बीते, करवट बदल बदल के
ऐ दिल ज़रा सम्भल जा, शायद वो आ गया है
वो कौन है जो आकर, ख्वाबों पे छा गया है
ऐ दिल मुझे बता दे ...

भीगी हुई हवाएं, मौसम भी है गुलाबी
जा चाँद जा सितारे, हर तीर है शराबी
धीरे से एक नग़मा, कोई सुना गया है
वो कौन है जो आकर, ख्वाबों पे छा गया है

ऐ दिल मुझे बता दे, तू किस पे आ गया है
वो कौन है जो आकर, ख्वाबों पे छा गया है

film: Anaarkali singer: Lata
lyrics: Rajinder Krishan music: C. Ramachandra

ये ज़िंदगी उसी की है, जो किसी का हो गया
प्यार ही में खो गया, ये ज़िंदगी ...

ये बहार, ये समा, कह रहा है प्यार कर
किसी की आरज़ू में अपने दिल को बेक़रार कर
?, ये ज़िंदगी ...

धड़क रहा है दिल तो क्या, दिल की धड़कनें ना सुन
फिर कहां ये फ़ुरसतें, फिर कहां ये रात-दिन
?, ये ज़िंदगी ...

दो दिल यहां ना मिल सके, मिलेंगे उस जहान में
खिलेंगे हसरतों के फूल, मौत के आसमान में
ये ज़िंदगी चली गई जो प्यार में तो क्या हुआ
ये ज़िंदगी ...

सुन रही है दास्तां, शमा मेरे मज़ार की
फ़िज़ा में भी खिली रही, ये कली अनार की
इसे मज़ार मत कहो, ये महल है प्यार का
ये ज़िंदगी ...

ऐ ज़िंदगी की शाम आ, तुझे गले लगाऊं मैं
तुझी में डूब जाऊं मैं
जहां को भूल जाऊं मैं
बस एक नज़र मेरे सनम, अल्विदा, अल्विदा
अल्विदा ... अल्विदा ...
अल्विदा ... अल्विदा ...

film: Azad singer: Lata
lyrics: Rajinder Krishan music: C. Ramachandra

ना बोले, ना बोले, ना बोले रे - २
(घूँघट के पट ना खोले रे
राधा ना बोले, ना बोले, ना बोले रे) - २

राधा की लाज भरी अँखियों के डोरे
देखोगे कैसे अब गोकुल के छोरे
देखो मोहन का मनवा डोले रे
राधा ना बोले, ना बोले, ना बोले रे
ना बोले, ना बोले, ना बोले रे
घूँघट के पट ना खोले रे
राधा ना बोले, ना बोले, ना बोले रे

याद करो जमुना किनारे, साँवरिया - २
ओढ़ी थी राधा की काहे गगरिया
इस कारन ना तुम संग बोले रे
राधा ना बोले, ना बोले रे
ना बोले, ना बोले, ना बोले, ना बोले रे
घूँघट के पट ना खोले रे
राधा ना बोले, ना बोले, ना बोले रे

रूठी हुई यूँ ना मानेगी छलिया
चरणों में राधा के, रख दो मुरलिया - (२)
बात बन जायेगी हौले हौले रे
राधा ना बोले, ना बोले, ना बोले रे
ना बोले, ना बोले, ना बोले रे
घूँघट के पट ना खोले रे
राधा ना बोले, ना बोले, ना बोले रे

film: Suhaagan singer: Lata, Manna Dey
lyrics: music: Madan Mohan

भीगी चाँदनी छायी बेखुदी
आ जा डाल दे बाहों में अपनी बाहें

film: Amar Prem singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

(ये क्या हुआ, कैसे हुआ, कब हुआ,
क्यूँ हुआ, जब हुआ, तब हुआ) - २
ओ छोड़ो, ये ना सोचो, ये क्या हुआ...

हम क्यूँ, शिकवा करें झूठा, क्या हुआ जो दिल टूटा - २
शीशे का खिलौना था, कुछ ना कुछ तो होना था, हुआ
ये क्या हुआ...

ऐ दिल, चल पीकर झूमें, इन्हीं गलियों में घूमें - २
यहाँ तुझे खोना था, बदनाम होना था, हुआ
ये क्या हुआ...

हमने जो, देखा था सुना था, क्या बताऐं वो क्या था - २
सपना सलोना था, खत्म तो होना था, हुआ
ये क्या हुआ...

film: Jyoti singer: Manna Dey, Lata
lyrics: music: S.D. Burman

सोच के ये गगन झूमे अभी चाँद निकल आएगा
झिलमिल चमकेंगे तारे सोच के ये गगन झूमे
चाँद जब निकल आएगा देखेगा ना कोई गगन को
चाँद को ही देखेंगे सारे चाँद जब निकल आएगा

१) फूल जो खिले ना तो कैसे, बागों में आए बहार
दीप ना जले तो साँवरिया कैसे मिटे अँधकार
रात देखो कितनी है काली अभी चाँद निकल ...

२) चाँद से भी तुम हसीन हो, नज़दीक आओ ज़रा
चाँद के निकलने तलक तो, तुम जगमगाओ ज़रा
रात देखो कितनी है काली अभी चाँद निकल ...

film: Mamta singer: Lata
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Roshan

रहते थे कभी जिनके दिल में
हम जान से भी प्यारों की तरह
बैठे हैं उन्ही के कूचे में
हम आज गुनहगारों की तरह - २

दावा था जिन्हें हमदर्दी का
खुद आके न पूछा हाल कभी - २
महफ़िल में बुलाया है हम पे - २
हँसने को सितमगारों की तरह - २
रहते थे...

बरसों से सुलगते तन मन पर
अश्कों के तो छींटे दे ना सके - २
तपते हुए दिल के ज़ख्मों पर - २
बरसे भी तो अंगारों की तरह - २
रहते थे...

सौ रुप धरे जीने के लिये
बैठे हैं हज़ारों ज़हर पिये - २
ठोकर ना लगाना हम खुद हैं - २
गिरती हुई दीवारों की तरह - २
रहते थे...

film: Bhai Bhai singer: Geeta Dutt
lyrics: Rajinder Krishan music: Madan Mohan

ऐ दिल मुझे बता दे, तू किस पे आ गया है
वो कौन है जो आकर, ख्वाबों पे छा गया है

मस्ती भरा तराना, क्यों रात गा रही है
आंखों में नींद आकर, क्यों दूर जा रही है
दिल में कोई सितमगर, अरमां जगा गया है
वो कौन है जो आकर, खवाबों पे छा गया है
ऐ दिल मुझे बता दे, तू किस पे आ गया है
वो कौन है जो आकर, ख्वाबों पे छा गया है

बेताब हो रहा है, ये दिल मचल मचल के
शायद ये रात बीते, करवट बदल बदल के
लल ला लल ला...
बेताब हो रहा है, ये दिल मचल मचल के

film: singer: Asha lyrics: music:

चँदा की चाँदनी का जादू
ये रात ये समा
उल्फ़त की मौज ले चली है
मुझको ना जाने कहाँ
चँदा की चाँदनी का जादू

पूछो ना है मेरे दिल में क्या
जो मेरे साथ हो तुम
अपना भी मैं पता क्या जानूं
हूं में तो प्यार में गुम
दिल पे नहीं है आज काबू
खुलती नहीं ज़ुबान
उल्फ़त की मौज ले चली है
मुझको ना जाने कहाँ
चँदा की चाँदनी का जादू

मैं नदिया तू मेरा सागर है
ओ मन के मीत मेरे
झूमे जा तू यूँही लहरों में
सुन सुन के गीत मेरे
भीगी ये रात और में तू
मौसम जवान जवान
उल्फ़त की मौज ले चली है
मुझको ना जाने कहाँ
चँदा की चाँदनी का जादू

film: Silsila singer: Amitabh, Lata
lyrics: Javed Akhtar music: Shiv, Hari

अमिताभ:
मैं और मेरी तन्हाई, अक्सर ये बातें करते हैं
तुम होती तो कैसा होता, तुम ये कहती, तुम वो कहती
तुम इस बात पे हैरां होती, तुम उस बात पे कितनी हँसती
तुम होती तो ऐसा होता, तुम होती तो वैसा होता
मैं और मेरी तन्हाई, अक्सर ये बातें करते हैं
रू रू ...

लता:
ये कहां आ गये हम, यूँही साथ साथ चलते
तेरी बाहों में है जानम, मेरे जिस्म-ओ-जान पिघलते - २

अमिताभ:
ये रात है, या तुम्हारी ज़ुल्फ़ें खुली हुई हैं
है चाँदनी तुम्हारी नज़रों से, मेरी राते धुली हुई हैं
ये चाँद है, या तुम्हारा कँगन
सितारे हैं या तुम्हारा आँचल
हवा का झोंका है, या तुम्हारे बदन की खुशबू
ये पत्तियों की है थरथराहट
के तुमने चुपके से कुछ कहा
ये सोचता हूं मैं कबसे गुमसुम
कि जबकि मुझको भी ये खबर है
कि तुम नहीं हो, कहीं नहीं हो
मगर ये दिल है कि कह रहा है
तुम यहीं हो, यहीं कहीं हो

लता:
तू बदन है मैं हूँ साया, तू ना हो तो मैं कहां हूँ
मुझे प्यार करने वाले, तू जहां है मैं वहां हूँ
हमें मिलना ही था हमदम, इसी राह पे निकलते
ये कहां आ गये हम

मेरी साँस साँस महके, कोई भीना भीना चन्दन
तेरा प्यार चाँदनी है, मेरा दिल है जैसे आँगन
कोइ और भी मुलायम, (मेरी शाम ढलते ढलते - २)
ये कहां आ गये हम

अमिताभ:
मजबूर ये हालात, इधर भी है उधर भी
तन्हाई के ये रात, इधर भी है उधर भी
कहने को बहुत कुछ है, मगर किससे कहें हम
कब तक यूँही खामोश रहें, और सहें हम
दिल कहता है दुनिया की हर इक रस्म उठा दें
दीवार जो हम दोनो में है, आज गिरा दें
क्यों दिल में सुलगते रहें, लोगों को बता दें
हां हमको मुहब्बत है, मोहब्बत है, मोहब्बत है
अब दिल में यही बात, इधर भी है, उधर भी

लता:
ये कहां आ गये हम, ये कहां आ गये हम

ये मैंने ठाना है

तुम मेरे साथ हो, मैं तेरे साथ हूँ
वो ज़मीन साथ है, आसमान साथ है
ये भीगा भीगा जिस्म, ये भीगी आरज़ू
ज़िन्दगी मिल गयी, ज़िन्दगी है सौदागर
देती है कुछ लेने के बाद
दी बहार मुझ को मगर फिर
ली चमन रखने के बाद
संग के संग, लहू के रंग में
तुम को पाना है, तुम को पाना है

ज़िन्दगी ...

film: Devar singer: Mukesh lyrics: Majrooh music: Roshan

आया है मुझे फिर याद वो ज़ालिम
गुज़रा ज़माना बचपन का
हाय रे अकेले छोड़ के जाना
और ना आना बचपन का
आया है मुझे फिर याद वो ज़ालिम

वो खेल वो साथी वो झूले
वो दौड़ के कहना आ छू ले
हम आज तलक भी ना भूले - २
वो ख्वाब सुहाना बचपन का
आया है मुझे फिर याद वो ज़ालिम

इसकी सबको पहचान नहीं
ये दो दिन का मेहमान नहीं
मुश्किल है बहुत, आसान नहीं - २
ये प्यार भुलाना बचपन का
आया है मुझे फिर याद वो ज़ालिम

मिल कर रोये फ़रियाद करें
उन बीते दिनों की याद करें
ऐ काश कहीं मिल जाये कोई - २
वो मीत पुराना बचपन का
आया है मुझे फिर याद वो ज़ालिम

film: Deewana singer: Kumar Sanu
lyrics: Sameer music: Nadeem Shravan

hm m hm m, hm hm ...

सोचेंगे तुम्हे प्यार करे के नहीं
ये दिल बेक़रार करे के नहीं
यादों में बसाया तुमको ख्वाबों में छुपाया तुमको - २
मिलोगे हमें तुम जानम, कहीं ना कहीं
सोचेंगे तुम्हे प्यार करे के नहीं

तुम हो खिलता महका सा कमल - २
हम जो गाये तुम हो वो गज़ल
कमसिन भोला सा मुखड़ा लगती हो चाँद का इक टुकड़ा
तुमसा नहीं है कोई, प्यारा सनम, प्यारा सनम
सोचेंगे तुम्हे प्यार करे के नहीं
ये दिल बेक़रार करे के नहीं

जिस दिन तुम को देखेगी नज़र - २
जाने दिल पे होगा क्या असर
रखेंगे तुमको निगाहों में, भर लेंगे तुम्हे बाहों में
ज़ुल्फ़ों को हम सुलझायेंगे इश्क़ में दुनिया भुला देंगे
ये बेक़रारी अब तो, होगी ना कम, होगी ना कम
सोचेंगे तुम्हे प्यार करे के नहीं ...

film: Jurmana singer: Lata
lyrics: Anand Bakshi music: R. D. Burman

सावन के झूले पड़े, (तुम चले आओ - ४)

आँचल ना छोड़े मेरा, पागल हुई है पवन
अब क्या करूं मैं जतन, धड़के जिया जैसे, पंछी उड़े

दिल ने पुकारा उन्हे, यादों के परदेस से
आती है जो देख के, हम उस डगर पे हैं कबसे खड़े

जब हम मिले पिया, तुम कितने नादान थे
हम कितने अन्जान थे, बाली उमरिया में, नैना लड़े

ओ सजना

तुमको पुकारे मेरे मन का पपिहरा - २
मीठी मीठी अगनी में, जले मोरा जियरा
ओ सजना ...

(ऐसी रिमझिम में ओ साजन, प्यासे प्यासे मेरे नयन
तेरे ही, ख्वाब में, खो गए) - २
सांवली सलोनी घटा, जब जब छाई - २
अँखियों में रैना गई, निन्दिया न आई
ओ सजना ...

film: Sharmilee singer: Kishore
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

ओ मेरी ओ मेरी ओ मेरी शर्मीली
आओ ना तरसाओ ना
ओ मेरी ओ मेरी ओ मेरी शर्मीली

तेरा काजल लेकर रात बनी, रात बनी
तेरी मेंहदी लेकर दिन उगा, दिन उगा
तेरी बोली सुनकर सुर जागे, सुर जागे
तेरी खुशबू लेकर फूल खिला, फूल खिला
जान-ए-मन तू है कहां
ओ मेरी...

तेरी राहों से गुज़रे जब से हम, जब से हम
मुझे मेरी डगर तक याद नहीं, याद नहीं
तुझे देखा जब से दिलरुबा, दिलरुबा
मुझे मेरा घर तक याद नहीं, याद नहीं
जान-ए-मन तू है कहां
ओ मेरी...

ओ नीरज नयना आ ज़रा, आ ज़रा
तेरी लाज का घूंघट खोल दूं, खोल दूं
तेरे आँचल पर कोई गीत लिखूँ, गीत लिखूँ
तेरे होंठों में अमृत घोल दूँ, घोल दूँ
जान-ए-मन तू है कहां
ओ मेरी...

film: Jaagriti singer: Rafi
lyrics: Pradeep music: Hemant Kumar

पासे सभी उलट गए दुश्मन की चाल के
अक्षर सभी पलट गए भारत के भाल के
मंजिल पे आया मुल्क हर बला को टाल के
सदियों के बाद फिर उड़े बादल गुलाल के

हम लाए हैं तूफ़ान से कश्ती निकाल के
इस देश को रखना मेरे बच्चों सम्भाल के
तुम ही भविष्य हो मेरे भारत विशाल के
इस देश को रखना मेरे बच्चों सम्भाल के

१) देखो कहीं बरबाद ना होए ये बगीचा
इसको हृदय के खून से बापू ने है सींचा
रक्खा है ये चिराग़ शहीदों ने बाल के, इस देश को...

२) दुनिया के दांव पेंच से रखना ना वास्ता
मंजिल तुम्हारी दूर है लम्बा है रास्ता
भटका ना दे कोई तुम्हें धोखे में डाल के, इस देश को...

३) ऐटम बमों के जोर पे ऐंठी है ये दुनिया
बारूद के इक ढेर पे बैठी है ये दुनिया
तुम हर कदम उठाना ज़रा देख भाल के, इस देश को...

४) आराम की तुम भूल भुलय्या में ना भूलो
सपनों के हिंडोलों पे मगन होके ना झूलो
अब वक़्त आ गया है मेरे हँसते हुए फूलों
उठो छलाँग मार के आकाश को छू लो
तुम गाड़ दो गगन पे तिरंगा उछाल के, इस देश को...

film: Zanam singer: Amit Kumar lyrics: music:

ज़िन्दगी, ज़िन्दगी, ज़िन्दगी - २

(कब तुम को देखा है - २), तारों के संग
फूलों के रंग में, तुम को पाना है
ये मैंने ठाना है, तुम को पाना है
ये मैंने ठाना है, अपने घर लाना है

झूठ, बोलूँ ना, बोलूँ ना, बोलूँ, बोलूँ रे
ल: अरे, गिर ना जाऊँ, मैं तो कमसिन रे, आऊच
कि: अरे, हाथों में मेरे तू अपना हाथ धरना
ल: अरे, काहे की शरम वे मुँड़या, जल्दी करना
कि: अरे वाह भई वाह, हुई गल ना
ल: जैसा देस, वैसा भेस, फिर क्या डरना
दोनो: जैसा देस, वैसा भेस, फिर क्या डरना
ल: अरे, काहे की शरम वे मुँड़या, जल्दी करना ...

ITRANS Song Book: 810.s

film: Mere Mehboob singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

आज फ़ुरकत का ख्वाब टूट गया
मिल गये तुम हिजाब टूट गया

तुमसे इज़हार-ए-हाल कर बैठे
बेखुदी में कमाल कर बैठे
तुमसे इज़हार-ए-हाल ...

खो गये हुस्न की बहारों में
कह दिया राज़-ए-दिल इशारों में
काम हम बेमिसाल कर बैठे
बेखुदी में कमाल कर बैठे
तुमसे इज़हार-ए-हाल ...

कितने मजबूर हो गये दिल से
सोचे समझे बगैर क़ातिल से
ज़िन्दगी का सवाल कर बैठे
बेखुदी में कमाल कर बैठे
तुमसे इज़हार-ए-हाल ...

ये अदाएं ये शोखियां तौबा
बस खुदा ही खुदा है उस दिल का
जो तुम्हारा खयाल कर बैठे
बेखुदी में कमाल कर बैठे
तुमसे इज़हार-ए-हाल ...

ITRANS Song Book: 811.s

film: Junglee singer: Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

जा जा जा मेरे बचपन, कहीं जा के छुप नादां - २
ये सफ़र है अब मुश्किल, आने को है तूफ़ाँ
जा जा जा मेरे बचपन ...

(ज़िंदगी को नये रंग मिलने लगे
एक किरन छू गयी, फूल खिलने लगे) - २
जा जा जा मेरे बचपन ...

(एक कसक हर घड़ी दिल में रहने लगी
जो के तड़पा गयी, फिर भी अच्छी लगी) - २
जा जा जा मेरे बचपन ...

ITRANS Song Book: 812.s

film: Shri 420 singer: Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

Slow: तुम्हे क़सम है मेरी
दिल को यूँ ना तड़पाओ
ये इल्तिजा है के
मुड़ मुड़ के देखते जाओ

Fast: ओ जानेवाले मुड़के ज़रा देखते जाना
ज़रा देखते जाना
ओ जानेवाले मुड़के ज़रा देखते जाना
ज़रा देखते जाना
दिल तोड़के तो चल दिये मुझको ना भुलाना
ज़रा देखते जाना

फ़रियाद कर रही हैं खामोश निगाहें, खामोश निगाहें - २
आँसू की तरह आँख से मुझको ना गिराना
ज़रा देखते जाना
ओ जानेवाले मुड़के ज़रा देखते जाना
ज़रा देखते जाना

ITRANS Song Book: 813.s

film: Parakh singer: Lata
lyrics: Shailendra music: Salil Chowdhury

(ओ सजना, बरखा बहार आई
रस की फुहार लाई, अँखियों मे प्यार लाई) - २

सो गया प्यार का चिराग़
जाग, जाग, जाग, जाग

film: Paying Guest singer: Kishore
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

(माना जनाब ने पुकारा नहीं
क्या मेरा साथ भी गवारा नहीं
मुफ़्त में बन के, चल दिये तनके,
वल्ला जवाब तुम्हारा नहीं) - २
माना जनाब ने ...

(यारों का चलन है गुलामी
देतें हैं हसीनों को सलामी) - २
गुस्सा ना कीजिये जाने भी दीजिये
बन्दगी तो बन्दगी तो लीजिये साहब
माना जनाब ने ...

(टूटा फूटा दिल ये हमारा,
जैसा भी है अब है तुम्हारा) - २
इधर देखिये, नज़र फेरिये
दिल्लगी ना दिल्लगी ना कीजिये साहब
माना जनाब ने ...

(माशा अल्ला कहना तो माना
बन गया बिगड़ा ज़माना) - २
तुमको हँसा दिया, प्यार सिखा दिया - २
शुक्रिया तो शुक्रिया तो कीजिये साहब
माना जनाब ने पुकारा नहीं,
क्या मेरा साथ भी गवारा नहीं
मुफ़्त में बन के, चल दिये तनके,
वल्ला जवाब तुम्हारा नहीं हाय - ३

film: Des Pardes singer: Kishore
lyrics: music: Rajesh Roshan

देस परदेस,
अरे खुशियाँ, यहीं पे, मिलेंगी हाँ मेरे
अपना है अपना, ये देस परदेस

वही पुराने हैं
वही पुराने हैं, सारे फसाने, नया है लेकिन जहाँ
अरे रस्ते नये हैं, ये मन्ज़िल नई है,
लेकिन वही आसमाँ
तेरा ना मेरा, अपना है अपना
ये देस परदेस

अकेला नहीं हूँ मैं
अकेला नहीं हूँ मैं, तेरे बिना, संग मेरे तेरी याद है
मिलकर खिलें फूल हर रंग के, बस यही मेरी फरियाद है
सपना है सपना
ये देस परदेस...

film: Des Pardes singer: Kishore, Lata
lyrics: Amit Khanna music: Rajesh Roshan

कि: जैसा देस, वैसा भेस, फिर क्या डरना
ल: ओह ... हाय
कि: जैसा देस, वैसा भेस, फिर क्या डरना
अरे, छोड़ो रानी छोड़ो, यूँहीं आहें भरना
अरे, काहे की शरम है कुड़िये, जल्दी करना
ल: मैं नहीं करना, यूँ नहीं बनना - २

ल: कैसी ये नगरिया, कैसे हैं ये लोग, कैसे हैं ये लोग
हाय सबको लागा, प्रभु, बेशरमी का रोग
अब तू ही बता भगवान, मैं भी क्या करूँ
मैं भी क्या करूँ
मैं तो कुछ भी करने से, ना जाने क्यूँ डरूँ
घुँघटा, खोलूँ ना खोलूँ, ना खोलूँ, खोलूँ रे
कि: अरे छोड़ दे नखरा अब तो गोरिये
अरे आया है मौका ले अब तू बन साँवरना
अरे काहे की शरम है कुड़िये, जल्दी करना
ल: मैं नहीं करना, यूँ नहीं बनना - २

कि: मन को ढक ले गोरी, तन का ढकना है बेकार
ढकना है बेकार
फूल ना महके जब तक, उसका खिलना है बेकार
अरे, अक्सर ऐसा होता है पहली पहली बार
पहली पहली बार
आ मुझसे तू ले ले हिम्मत थोड़ी सी उधार

film: singer: Hussain Brothers lyrics: music:

लब पे तेरे इक़रार-ए-मोहब्बत
शेर ग़ज़ल का लगता है
शर्म से चेहरा लाल गुलाबी
फूल कमल का लगता है
लब पे तेरे ...

दिल को नज़र से टकराये भी
एक ज़माना बीत गया
चोट मगर है इतनी ताज़ा
हादसा कल का लगता है
लब पे तेरे ...

बेखुद होकर मस्त हवाएं
ऐसे कब लहराती थी
ये जादू तो हल्के हल्के
उस आँचल का लगता है
लब पे तेरे ...

हम समझे थे भूल गये हैं
वो चाहत का अफ़साना
आज मगर फिर दर्द सा
दिल में हल्का हल्का लगता है

लब पे तेरे इक़रार-ए-मोहब्बत
शेर ग़ज़ल का लगता है
शर्म से चेहरा लाल गुलाबी
फूल कमल का लगता है
लब पे तेरे ...

film: Khamoshi singer: Lata
lyrics: Gulzar music: Hemant Kumar

हमने देखी है इन आँखों की महकती खुशबू
हाथ से छूके इसे रिश्तों का इल्ज़ाम न दो
सिर्फ़ एहसास है ये रूह से महसूस करो
प्यार को प्यार ही रहने दो कोई नाम न दो
हमने देखी है ...

प्यार कोई बोल नहीं, प्यार आवाज़ नहीं
एक खामोशी है सुनती है कहा करती है
ना ये बुझती है ना रुकती है ना ठहरी है कहीं
नूर की बूँद है सदियों से बहा करती है
सिर्फ़ एहसास है ये, रूह से महसूस करो
प्यार को प्यार ही रहने दो, कोई नाम ना दो
हमने देखी है ...

मुस्कराहट सी खिली रहती है आँखों में कहीं
और पलकों पे उजाले से छुपे रहते हैं
होंठ कुछ कहते नहीं, काँपते होंठों पे मगर
कितने खामोश से अफ़साने रुके रहते हैं
सिर्फ़ एहसास है ये, रूह से महसूस करो
प्यार को प्यार ही रहने दो, कोई नाम ना दो
हमने देखी है ...

film: Anaarkali singer: Hemant Kumar, Lata
lyrics: Rajinder Krishan music: C. Ramchandra

हे: जाग दर्द-ए-इश्क़ जाग, जाग दर्द-ए-इश्क़ जाग
दिल को बेक़रार कर, छेड़ के आँसुओं का राग
जाग दर्द-ए-इश्क़ जाग, जाग दर्द-ए-इश्क़ जाग
जाग..., जाग...

ल: आ आ...
किसको सुनाऊँ दास्तां, किसको दिखाऊँ दिल के दाग़
जाऊँ कहाँ कि दूर तक, जलता नहीं कोई चिराग़ - २
राख बन चुकी है आग, राख बन चुकी है आग
हे: दिल को बेक़रार कर, छेड़ के आँसुओं का राग
जाग दर्द-ए-इश्क़ जाग, जाग...

हे: ऐसी चली हवा-ए-ग़म, ऐसा बदल गया समा - २
रूठ के मुझ से चल दिये ...
रूठ के मुझ से चल दिये, मेरी खुशी के कारवां
डस रहें हैं ग़म के नाग
दोनो: जाग दर्द-ए-इश्क़ जाग, जाग दर्द-ए-इश्क़ जाग
दिल को बेक़रार कर, छेड़ के आँसुओं का राग
जाग दर्द-ए-इश्क़ जाग, जाग...

हे: आँख ज़रा लगी तेरी, सारा जहान सो गया
ये ज़मीन सो गई, आसमान सो गया

श: पूछो ना मोहब्बत का असर, हाय न पूछो
हाय ना पूछो
त: दम भर में कोई हो गया, परवाना किसीका
श: दम भर में कोई हो गया, परवाना किसीका
दोनो: अफ़साना मेरा बन गया, अफ़साना किसीका
मिलते ही आँखें दिल हुआ दीवाना किसीका

त: हंसते ही ना आ जायें कहीं, आँखों में आँसू
आँखों में आँसू
श: हंस्ते ही ना आ जायें कहीं, आँखों में आँसू
आँखों में आँसू
त: भरते ही छलक जाये ना, पैमाना किसीका
श: भरते ही छलक जाये ना, पैमाना किसीका
दोनो: अफ़साना मेरा बन गया, अफ़साना किसीका

film: Aah singer: Lata
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

राजा की आयेगी बारात, रंगीली होगी रात
मगन मैं नाचूंगी, हो मगन मैं नाचूंगी
राजा की आयेगी बारात ...

राजा के माथे तिलक लगेगा, (रानी के माथे सिन्दूर - २)
मैं भी अपने मन की आशा, (पूरी करूंगी ज़रूर - २)
मेंहदी से पीले होंगे हाथ, सहेलियों के साथ
मगन मैं नाचूंगी, हो मगन मैं नाचूंगी
राजा की आयेगी बारात ...

रानी के संग राजा डोले सजाते, (चले जाएंगे परदेस - २)
जब जब उनकी याद आयेगी, (दिल पे लगेगी ठेस - २)
नैनों से होगी बरसात, अन्धेरी होगी रात
मगन मैं नाचूंगी, हो मगन मैं नाचूंगी
राजा की आयेगी बारात ...

film: Pyaasa singer: Rafi
lyrics: Sahir Ludhianvi music: S.D. Burman

ये कूचे, ये... हं ऽऽऽ , घर दिलकशी के
ये कूचे, ये नीलाम घर दिलकशी के
ये लुटते हुए कारवां ज़िंदगी के
कहां हैं, कहां हैं मुहाफ़िज़ खुदी के
जिन्हें नाज़ है हिन्द पर वो कहां हैं
कहां हैं, कहां हैं, कहां हैं

ये पुरपेंच गलियां, ये बदनाम बाज़ार
ये गुमनाम राही, ये सिक्कों की झनकार
ये इसमत के सौदे, ये सौदों पे तकरार
जिन्हे नाज़ ...

ये सदियों से बेखौफ़ सहमी सी गलियां
ये मसली हुई अधखिली ज़र्द कलियां
ये बिकती हुई खोखली रंगरलियाँ
जिन्हे नाज़ ...

वो उजले दरीचों में पायल की छन छन
थकी हारी सांसों पे तबले की धन धन (२)
ये बेरूह कमरों मे खांसी कि ठन ठन
जिन्हे नाज़ ...

ये फूलों के गज़रे, ये पीतों के चीते (?)
ये बीबस्ख(?) नज़रे, ये गुस्ताख चितरे (?)
ये ढलके बदन और ये बीमार चेहरे
जिन्हे नाज़ ...

यहां पीर भी आ चुके हैं, जवां भी
तन-ओ-मन बीते भी, आबा मया भी
ये बीवी है (२) और बहन है, माँ है
जिन्हे नाज़ ...

मदद चाहती है ये हवा की बेटी
यशोदा की हम जिनसे राधा की बेटी (२)
पयम्मर की उम्मत ज़ुलेखा की बेटी,
जिन्हे नाज़ ...

ज़रा इस मुल्क के रहबरों को बुलाओ
ये कूचे ये गलियां ये मंज़र दिखाओ
जिन्हें नाज़ है हिन्द पर उनको लाओ
जिन्हे नाज़ है हिन्द पर वो कहां हैं
कहां हैं, कहां हैं, कहां हैं

film: Mamta singer: Lata lyrics: Majrooh music: Roshan

विकल मोरा मनवा, तुम बिन हाय
आए न सजना रितु बीती जाए
विकल मोरा मनवा, तुम बिन हाय

भोर पवन चली, बुझ गए दीपक
चली गई रैन श्रृंगार की
कैसे विरहा की धूप ढली
अरी ऐ कली अँखियन की पड़ी कुम्हलाए
विकल मोरा मनवा ...

युग से खुले हैं पट नैनन के मेरे
युग से अन्धेरा मोरा अंगना
सूरज चमका न चांद खिला
अरी ऐ जला रही अपना, तन मन हाय
विकल मोरा मनवा ...

film: Tere Mere Sapne singer: Lata, Kishore
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

कि: हे मैने क़सम ली
ल: ली
कि: हे तूने क़सम ली
ल: ली
कि: नहीं होंगे जुदा हम...
कि/ल: हे मैने क़सम ली

कि: सांस तेरी मदिर मदिर जैसे रजनी गंधा
प्यार तेरा मधुर मधुर चांदनी की गंगा
ल: **hm hm** सांस तेरी मदिर मदिर जैसे रजनी गंधा
प्यार तेरा मधुर मधुर चांदनी की गंगा
नहीं होंगे जुदा
कि: नहीं होंगे जुदा
ल: नहीं होंगे जुदा हम...
मैने क़सम ली
कि: ली
ल: हे तूने क़सम ली
कि: ली
ल: नहीं होंगे जुदा हम...
कि/ल: हे मैने क़सम ली

ल: पा के कभी, खोया तुझे, खो के कभी पाया
जनम जनम, तेरे लिये, बदली हमने काया
कि: पा के कभी, खोया तुझे, खो के कभी पाया
जनम जनम, तेरे लिये, बदली हमने काया
नहीं होंगे जुदा
ल: नहीं होंगे जुदा
कि: नहीं होंगे जुदा हम...
मैने क़सम ली
ल: ली
कि: हे तूने क़सम ली
ल: ली
कि: नहीं होंगे जुदा हम...
कि/ल: हे मैने क़सम ली

कि: एक तन है, एक मन है, एक प्राण अपने
एक रंग, एक रूप, तेरे मेरे सपने
ल: एक तन है, एक मन है, एक प्रण अपने
एक रंग, एक रूप, तेरे मेरे सपने
नहीं होंगे जुदा
कि: नहीं होंगे जुदा
ल: नहीं होंगे जुदा हम...
मैने क़सम ली
कि: ली
ल: हे तूने क़सम ली
कि: ली
ल: नहीं होंगे जुदा हम...
कि/ल: हे मैने क़सम ली

film: Babul (1950) singer: Talat Mahmood, Shamshad Begum
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

त: मिलते ही आँखें दिल हुआ दीवाना किसीका
श: मिलते ही आँखें दिल हुआ दीवाना किसीका
त: अफ़साना मेरा बन गया, अफ़साना किसीका
श: अफ़साना मेरा बन गया, अफ़साना किसीका

त: पूछो ना मोहब्बत का असर, हाय न पूछो
हाय ना पूछो